अनुमोदन हेतु प्रारूप

# पथ निर्माण विभाग,
# बिहार, पटना।

## आदेश

NH, Circle-II, P.W. (Road) Directorate, Birbhum, West Bengal के क्षेत्रान्तर्गत "Construction of Dubrajpur Bypass with 4-lane configuration of length 5.676 Km. on NH-60 (New NH-14) from design chainage 0.00 (Existing km 316.135 on NH-60) to design chainage 5.676 (existing km 320.980 on NH-60) in the district of Birbhum, West Bengal in EPC mode (Job No.-014-WB-2022-23/518)" के निविदा में संवेदक AARPEE Infra Projects Pvt. Ltd. द्वारा जाली अनुभव प्रमाण पत्र का प्रयोग कर निविदा प्राप्त करने के संबंध में कार्यपालक अभियंता, रा0उ0प0 प्रमंडल, जयनगर के पत्रांक–117 अनु0 दिनांक–19.02.2026 से उक्त संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने की अनुशंसा की गई।

कार्यपालक अभियंता, रा0उ0प0 प्रमंडल, जयनगर के पत्रांक–117 अनु0 दिनांक–19.02.2026 में उल्लेखित है कि उक्त निविदा में AARPEE Infra Projects Pvt. Ltd. द्वारा रा०उ०प० प्रमंडल, जयनगर अन्तर्गत किये गये कार्य Remaining Work of Widening and Strengthening of existing single lane to 2 lane carriageway in km 0.00 to 28.00 of NH-105 in bihar (Item Rate Contract) (Job No.-105-BR-2010-11/028) का Memo No.-635 दिनांक–01.10.2019 से निर्गत Experience Certificate संलग्न किया गया है, जो जाँचोपरान्त Edited पाया गया है। साथ ही यह भी सूचित किया गया है कि पथ प्रमण्डल, किशनगंज अन्तर्गत Repairing Work of Bahadurganj to Terhagach road at risk & Cost for the year 2023-24 के Bid में AARPEE Infra Projects Pvt. Ltd. द्वारा हिस्सा लिया गया था, जिसमें रा0उ0प0 प्रमंडल, जयनगर अन्तर्गत किये गए उपरोक्त कार्य का ही Experience Certificate संलग्न किया गया था, जिसका सत्यापन पथ प्रमण्डल, किशनगंज के पत्रांक–2096(अनु0), दिनांक 27.11.2023 के आलोक में किया गया था। सत्यापन के क्रम में वर्णित Experience Certificate सही पाया गया था।

मूल अनुभव प्रमाण–पत्र के Remarks Column में "As per your request letter no.-nil dt- 27.09.2016 50% of work subletted to Kamac Engineer's (P) Ltd., 55, M.R. Road, Siliguri-744005, West Bengal and allowed vide letter no.-914 dated-04-10-2016 of this office as per clause. Date of Start-16.06.2016, Date of Completion-15.07.2018" अंकित है, जबकि संवेदक AARPEE Infra Projects Pvt. Ltd. द्वारा NH, Circle-II, P.W. (Road) Directorate, Birbhum, West Bengal के क्षेत्रान्तर्गत "Construction of Dubrajpur Bypass with 4-lane configuration of length 5.676 Km. on NH-60 (New NH-14) from design chainage 0.00 (Existing km 316.135 on NH-60) to design chainage 5.676 (existing km 320.980 on NH-60) in the district of Birbhum, West Bengal in EPC mode (Job No.-014-WB-2022-23/518)" की निविदा में संलग्न किये गए अनुभव प्रमाण–पत्र के Remarks Colums में Subletting संबंधित उक्त तथ्य अंकित नहीं है। अर्थात् कार्यपालक अभियंता, रा0उ0 प्रमण्डल, जयनगर के Memo No.-635 दिनांक–01.10.2019 द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र से छेड़छाड़ (Tampering) कर जाली अनुभव प्रमाण पत्र तैयार किया गया है।

आई.टी. मैनेजर

तद्आलोक में विभागीय पत्रांक–2278(E) दिनांक–06.04.2026 द्वारा AARPEE Infra Projects Pvt. Ltd. को 10 वर्षों के लिये कालीकृत किया गया।

कालीकृत किये जाने के विरूद्ध AARPEE Infra Projects Pvt. Ltd. द्वारा अपने पत्रांक–AIPL/JNR/APR-001/2026-27 दिनांक–21.04.2026 द्वारा अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया।

मामले की सुनवाई दिनांक 29.05.2026 को की गयी। संवेदक AARPEE Infra Projects Pvt. Ltd. द्वारा उक्त अनुभव प्रमाण पत्र में छेड़छाड़ (Tampering) किये जाने के संदर्भ में अपना पक्ष नहीं रख सके। इनके द्वारा स्वीकार किया गया कि कार्यपालक अभियंता, रा0उ0 प्रमण्डल, जयनगर के Memo No.-635 दिनांक–01.10.2019 द्वारा निर्गत मूल प्रमाण पत्र में Kamac Engineer's (P) Ltd. को 50 प्रतिशत कार्य Sublete करने का तथ्य अंकित है, जिसे इनके द्वारा हटाया गया है।

उक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि संवेदक AARPEE Infra Projects Pvt. Ltd. द्वारा निविदा प्राप्त करने के उद्देश्य से कार्यपालक अभियंता, रा0उ0 प्रमण्डल, जयनगर के Memo No.-635 दिनांक–01.10.2019 द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र के साथ छेड़छाड़ (Tampering) कर जाली अनुभव प्रमाण पत्र तैयार किया गया है।

संवेदक AARPEE Infra Projects Pvt. Ltd. द्वारा जाली अनुभव प्रमाण–पत्र को संलग्न कर निविदा प्राप्त करने के प्रयास के लिए इनके द्वारा समर्पित उक्त अभ्यावेदन को अस्वीकृत करते हुए विभागीय आदेश ज्ञापांक–2278(E) दिनांक–06.04.2026 द्वारा निर्गत 10 वर्षों के लिये कालीकृत करने के आदेश को यथावत् रखने का निर्णय लिया जाता है।

ह०/–
सचिव
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– प्र०–7/कार्रवाई–05–03/2026– /पटना, दिनांक................................

**Speed Post**
**Email**

**प्रतिलिपिः**– AARPEE InfraProjects Pvt. Ltd., Infinity Square, 2nd Floor, Room No.-201, Near PCM Bus Terminus, 2nd Mile, Sevoke Road, Siliguri-734001 E-mail-rkgargslg@gmail.com, aiplslg@gmail.com को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–
सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)

**ज्ञापांक– प्र०– 7/कार्रवाई–05–03/2026– /पटना, दिनांक..................**

**प्रतिलिपिः**– अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/आयुक्त एवं सचिव/सचिव, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/ जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ऊर्जा विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/पुलिस महानिदेशक–सह–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि० पटना/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन)।

ज्ञापांक– प्र०– 7/कार्रवाई–05–03/2026– /पटना, दिनांक..............................

प्रतिलिपिः– सभी मुख्य अभियंता, (रा०उ०पथ उपभाग सहित)/सभी अधीक्षण अभियंता (रा०उ०प० अंचल सहित)/सभी कार्यपालक अभियंता (रा०उ०पथ प्रमंडल सहित), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन)।

ज्ञापांक– प्र०– 7/कार्रवाई–05–03/2026– 4286(E) /पटना, दिनांक 24/6/2026

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना/कार्यपालक अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन)।

(3)